卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 170 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦28 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## होटल में अवैध कैसिनो का भंडाफोड़

### एसएसपी की छापेमारी से हड़कंप, 40 के खिलाफ मुकदमा,पूरी चौकी निलंबित



ऋषिकेश (उद संवाददाता)। तीर्थनगरी ऋषिकेश के आईडीपीएल क्षेत्र में पुलिस ने देर रात एक होटल पर छापेमारी कर बड़े स्तर पर चल रहे अवैध कैसिनो का भंडाफोड़ किया है। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई ने न केवल जुआरियों, बल्कि स्थानीय पुलिस प्रशासन में भी खलबली मचा दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने पर पूरी आईडीपीएल चौकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस ने कुल 40 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल को गोपनीय सूचना मिली थी कि आईडीपीएल क्षेत्र स्थित होटल नवरंग में महानगरों की तर्ज पर अवैध कैसिनो संचालित किया जा रहा है। सूचना की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय पुलिस बल के साथ होटल में अचानक छापा मारा गया। पुलिस की दस्तक होते ही होटल के भीतर हड़कंप मच गया और जुआ खेल रहे लोग इधर-उधर भागने लगे। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी की और (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पूर्व विधायक ठुकराल कांग्रेस में शामिल



नई दिल्ली/रुद्रपुर। करीब चार साल से राजनीतिक 'वनवास' झेल रहे रुद्रपुर के पूर्व भाजपा विधायक राजकुमार ठुकराल ने आखिरकार कांग्रेस का दामन थाम लिया। लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए ठुकराल ने नई दिल्ली स्थित 24 अकबर रोड पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान गणेश गोदियाल, यशपाल आर्य, हरक सिंह रावत और तिलक राज बेहड़ सहित उत्तराखंड के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।श्री ठुकराल कल से दिल्ली में हैं। वह अकेले दिल्ली गए थे। लेकिन उनके कांग्रेस में शामिल होने की सूचना मिलते ही रुद्रपुर से सैकड़ों समर्थक आज सुबह कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए। वहां समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और उन्होंने अपने नेता के फैसले का स्वागत किया। राजनीतिक गलियारों में पिछले कुछ दिनों से ठुकराल के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाएं तेज थीं। पार्टी आलाकमान से हरी झंडी मिलने के बाद उन्होंने दिल्ली पहुंचकर औपचारिक रूप से कांग्रेस जॉइन की। पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय राजनीति में अलग-थलग पड़े ठुकराल के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार श्रमिक की दर्दनाक मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शनिवार प्रातः किच्छा मार्ग पर बाईक पर सवार होकर सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम समाप्त कर घर वापस लौट रहे श्रमिक को मार्ग में अज्ञात कन्टेनर चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर श्रमिक को चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम चुराई थाना मीरगंज बरेली निवासी 40 वर्षीय किशन पाल पुत्र महेशपाल यहां ट्रांजिट कैम्प के मौहल्ला शिवनगर में परिवार सहित रहता था और सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि किशन पाल आज प्रातः ड्यूटी समाप्त कर अपनी बाईक से घर वापस लौट रहा था। किच्छा मार्ग पर तेज गति से जाते अज्ञात कन्टेनर चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी और वाहन (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध वसूली के आरोप में पत्रकार पर केस

### प्रोपर्टी डीलर ने लगाया डराने धमकाने और अवैध वसूली का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खुद को एक न्यूज चैनल का संपादक बताने वाले व्यक्ति द्वारा प्रॉपर्टी डीलर को डराने -धमकाने और अवैध वसूली की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित ने आरोपी द्वारा दी गई धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के रूप में न्यायालय को सौंपी है। मामले के अनुसार, रॉयल रेजीडेंसी बिगवाड़ा निवासी चंद्रशेखर पाण्डेय एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करने के साथ ही पार्ट टाइम प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है। चंद्रशेखर का आरोप है कि जून 2025 में वार्ड नंबर-1 कृष्णा कॉलोनी निवासी विनोद, जो स्वयं को सोशल मीडिया न्यूज चैनल का पत्रकार और संपादक बताता है, उनसे प्रॉपर्टी खरीदने के बहाने मिला। आरोप है कि इसके कुछ समय बाद ही विनोद उनके प्रॉपर्टी डीलिंग के कार्य में बिना वजह दखलअंदाजी करने लगा। जब चंद्रशेखर ने उसे ऐसा करने से रोका, तो आरोपी ने अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने न्यायालय को बताया कि आरोपी विनोद ने 24 सितंबर और 21 अक्टूबर 2025 को फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और जबरन रकम वसूली का प्रयास किया। इन धमकियों की रिकॉर्डिंग पीड़ित के फोन में सुरक्षित है, जिसे पेनड्राइव और लिखित प्रारूप के साथ अदालत में पेश किया गया है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस चौकी (शेष पृष्ठ सात पर)

## फिल्मी स्टाइल में पति को चकमा देकर पत्नी प्रेमी संग फरार

बाजपुर(उद संवाददाता)। पति, पत्नी और प्रेमी का हैरान करने वाला फिल्मी स्टाईल किस्सा सामने आया है। एक महिला पति को चकमा देकर प्रेमी के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गई। पूरी घटना फिल्मी स्टाइल में हुई और पति समझ ही नहीं पाया। यूपी निवासी एक युवक की शादी बाजपुर के एक गांव में युवती के साथ हुई थी। युवक बृहस्पतिवार को अपनी ससुराल आया था। शुक्रवार को युवक अपनी पत्नी को लेकर घर जा रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## साझेदारों पर 31 करोड़ का गबन का केस

सितारगंज(उद संवाददाता)। साझेदारी फर्म में करोड़ों के गबन का मामला सामने आया हैं। अदालत के आदेश पर पुलिस ने साझेदारी पर 31 करोड़ की धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में शहर के वार्ड नंबर 3 निवासी मीना जिंदल पत्नी ईश्वर चंद जिंदल ने आरोप लगाया कि उनके रिश्तेदार मदनलाल गोयल उर्फ मदन लाल अग्रवाल साझेदारी फर्म जीएलडी एग्रो फूड्स पीलीभीत रोड ग्राम मलपुरी में 50 प्रतिशत की हिस्सेदार हैं। फर्म में कुल तीन साझेदार हैं। वर्किंग पार्टनर होने के कारण मदनलाल फर्म के सारे लेनदेन संभालते थे। फर्म में गबन का संदेह होने पर बैंक ने उन्हें जानकारी दी 25 करोड़ 38 लाख के सापेक्ष ब्याज नहीं दिया गया है। फर्म का खाता भी सही प्रकार से नहीं चल रहा है। फर्म में स्टॉक घोषित नहीं था। इसके बाद जानकारी मिली कि एक आरोपी ने फर्म में गवन किया है। मीणा जिंदल के अनुसार वर्किंग पार्टनर ने 31 करोड़ 80 लाख के स्टॉक का गवन कर उसे निजी उपयोग में ले लिया। साथ ही फर्म के रुपए को अन्य फर्म बालाजी इंटरप्राइजेज के (शेष पृष्ठ सात पर)

### निर्यात के नाम पर लाखों की ठगी

रूद्रपुर। अंतरराष्ट्रीय बाजार में माल बेचने के नाम पर ठगी करने वाली फर्जी एजेंसी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एरा स्काई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और एक्सपोर्टर्स वर्ल्ड संस्था पर आरोप है कि उन्होंने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे एक स्थानीय खाद्य उत्पादक कंपनी से लाखों रुपये डकार लिए। पुलिस ने कंपनी के निदेशकों सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध षड्यंत्र और धोखाधड़ी की धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले के अनुसार, शिमला पिस्तौर स्थित द्वारिका फूड प्रोडक्ट्स (शेष पृष्ठ सात पर)

## 36 लाख की स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन' को साकार करने के लिए एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ अपना अभियान और तेज कर दिया है। इसी क्रम में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने एफटीआई गेट के पास चेकिंग के दौरान एक महिला तस्कर को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 36 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल और क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता के नेतृत्व वाली टीम ने 27 मार्च 2026 को गौजाजाली निवासी जोया खान पत्नी मजहर आलम को 132 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा। पकड़ी गई महिला का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में हल्द्वानी व मुखानी थाने में धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्ता के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर ली है। सफलता पर एसएसपी नैनीताल (शेष पृष्ठ सात पर)

## ठुकराल की नई पारी से बदलेगा 2027 का चुनावी समीकरण

### पूर्व विधायक की एंट्री से कहीं खुशी कही गम,रूद्रपुर में दिलचस्प होगा 2027 का मुकाबला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर के तेजतर्रार नेता और दो बार के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल लंबी जद्दोजहद और कयासबाजियों के बाद अंततः कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। ठुकराल की कांग्रेस में इस धमाकेदार एंट्री ने जहां भाजपा के रणनीतिकारों की नींद उड़ा दी है, वहीं खुद कांग्रेस के भीतर भी विरोध और समर्थन की नई लहर पैदा कर दी है। ठुकराल का यह कदम आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बेहद निर्णायक माना जा रहा है। राजकुमार ठुकराल का सियासी सफर काफी उतार -चढ़ाव भरा रहा है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा टिकट काटकर शिव अरोरा को मैदान में उतारे जाने के बाद ठुकराल ने बगावती तेवर अपनाते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था। हालांकि वह चुनाव हार गए थे, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लगभग 27 हजार वोट हासिल कर उन्होंने अपनी व्यक्तिगत लोक प्रियता और मजबूत जनाधार का लोहा मनवाया था। पिछले चार वर्षों से उनके भाजपा में घर वापसी या कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाएं लगातार फिजाओं में तैरती रहीं। निकाय चुनाव के दौरान (शेष पृष्ठ सात पर)

### रुद्रपुर में फिर दोहराया गया इतिहास

रुद्रपुर। शहर की राजनीति में एक बार फिर इतिहास खुद को दोहराता नजर आ रहा है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल होने के साथ ही पुराने राजनीतिक घटनाक्रम की यादें ताजा हो गई हैं। इससे पहले भी रुद्रपुर की राजनीति में ऐसा ही बड़ा बदलाव देखने को मिल चुका है।दरअसल, क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ नेता तिलक राज बेहड़ ने भी अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी से की थी। उत्तराखंड राज्य गठन से पहले वे भाजपा से विधायक चुने गए थे। लेकिन राज्य बनने के बाद वर्ष 2002 में प्रदेश में पहले विधानसभा चुनाव हुए भाजपा ने उनका टिकट काट (शेष पृष्ठ सात पर)

### ठुकराल की राह में अपनों की ही चुनौतियां

रूद्रपुर। कांग्रेस में शामिल होने के बावजूद ठुकराल के लिए आगे की राह आसान नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती पार्टी के भीतर से ही मिल रही है। 2022 की कांग्रेस प्रत्याशी मीना शर्मा ने उनके खिलाफ सीधा मोर्चा खोल रखा है और उनके भाजपा में जाने की अटकलें तेज हैं। इसके अलावा, कई अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी ठुकराल के आने से नाखुश हैं। ठुकराल के लिए अब यह परीक्षा की घड़ी है कि वह कैसे इस आंतरिक कलह को शांत कर पाते हैं और पार्टी को एकजुट कर आगामी चुनाव के लिए तैयार कर पाते हैं। यदि वह ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# ड्यूटी में लापरवाही पर जवाबदेही होगी तय : एसएसपी

## अपराध समीक्षा गोष्ठी में दिए दिशा निर्देश,बेहतर काम के लिए 42 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, पुलिसिंग को हाई-टेक करने और अपराधियों के विरुद्ध जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाने हेतु शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० मंजूनाथ टीसी ने पुलिस लाइन नैनीताल सभागार में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी से पूर्व आयोजित श्कर्मचारी सम्मेलनश में एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। एसएसपी ने जनपद की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण और कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त के दौरान तैनात सभी कर्मियों को ड्यूटी से पहले विस्तार से ब्रीफ किया जाएगा। गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए टोका-टोकी की प्रक्रिया को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। रात के समय अनावश्यक घूमने वाले अराजक तत्वों, शराबियों और उत्पात मचाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सार्वजनिक सुरक्षा के मद्देनजर रात्रि 11 बजे के बाद किसी भी दुकान को खोलने की अनुमति नहीं होगी। इस हेतु स्थानीय व्यापार मंडल से समन्वय बनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग को आधुनिक बनाने हेतु सभी कर्मियों के लिए ई-बीट बुक ऐप अनिवार्य कर दिया गया है। प्रत्येक हेड कांस्टेबल इसके माध्यम से ही अपना डेटा प्रविष्टि और सत्यापन कार्य सुनिश्चित करेगा। साथ ही अपर उप निरीक्षक और उससे ऊपर के अधिकारी डिजिटल साक्ष्य हेतु ई-साक्ष्य आईडी का प्रयोग करेंगे। एसएसपी ने नशे के सौदागरों और तस्करों की पूरी सप्लाई चेन को तोड़ने के निर्देश दिए और कहा चिन्हित तस्करों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर धरपकड़ शुरू की जाए। सभी क्षेत्राधिकारियों को पुराने अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर उनकी नियमित निगरानी और परेड सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आदतन अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट की वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। ड्यूटी के दौरान वर्दी की मर्यादा सर्वोपरि है। वर्दी में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं होगी।सभी थाना प्रभारियों और जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की समय-समय पर एल्कोमीटर से चेकिंग करें। नशे का सेवन पाए जाने पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई होगी। सभी पुलिसकर्मियों विशेषकर अपर उप निरीक्षक से ऊपर के रैंक के अधिकारियों के लिए ड्यूटी के दौरान अपने हथियार और वायरलेस हैंडसेट साथ अनिवार्य रूप से रखें। उन्होंने सभी थानों को निर्देशित किया कि सीसीटीएनएस पर समस्त कार्यों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन किया जाए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी क्षेत्र में अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित बीट कांस्टेबल और हल्का इंचार्ज को सीधे तौर पर जिम्मेदार माना जाएगा।पुलिसिंग को अधिक प्रोफेशनल बनाने और चौराहों पर पुलिस विजिबिलिटी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, जनता के साथ व्यवहार अत्यंत मर्यादित और सहयोगी रखने पर जोर दिया।गोष्ठी में डीजीसी क्राइम सुशील शर्मा द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत वार्ता की गई। उन्होंने कानूनी प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। कोर्ट की कार्यवाही में आने वाली व्यवहारिक दिक्कतों और रिमांड की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। संयुक्त निदेशक विधि हीरा सिंह राणा द्वारा उपस्थित अधिकारियों को नए कानूनों और धाराओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से बीएनएस की धारा 47 के प्रावधानों को समझाया। पुलिस बल का मनोबल बढ़ाने हेतु एसएसपी ने सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 42 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिनमें एसएसआई रोहिताश सागर, एसएसआई दीपक बिष्ट, एसएसआई गगनदीप सिंह, उप निरीक्षक शंकर नयाल, उप निरीक्षक गौरव जोशी, उप निरीक्षक जगदीप नेगी, उप निरीक्षक हर्ष पाल, उप निरीक्षक पुलिस संचार नवीन लाल चिन्याल, उप निरीक्षक महेन्द्र राज, अपर उप निरीक्षक महिमन कुमार, अपर उप निरीक्षक गणेश सिंह राणा, अपर उप निरीक्षक प्रेम सिंह, अपर उप निरीक्षक सूरज सिंह, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, हेड कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, हेड कांस्टेबल आदि राज, हेड कांस्टेबल महेन्द्र मेहता, कांस्टेबल धीरज सुगड़ा, कांस्टेबल चारू जोशी, कांस्टेबल अमनदीप सिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल कपूर राणा, कांस्टेबल राजकुमार कम्बोज, कांस्टेबल रंजीत सिंह, कांस्टेबल रोहित टम्टा, कांस्टेबल मोहन लाल, कांस्टेबल योगेश जोशी, कांस्टेबल प्रीतम खाती, कांस्टेबल विनोद मौर्या, कांस्टेबल मनोज पंत, कांस्टेबल बलजीत राणा, कांस्टेबल राजवीर सिंह, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, महिला कांस्टेबल रमा गिरी, महिला कांस्टेबल सुनीता रेखाड़ी, महिला फायरमैन भावना कार्की, महिला फायरमैन गरीमा बिष्ट, फायरमैन किशोर फर्तयाल, फायरमैन चालक, आरक्षी जितेंद्र, होमगार्ड डिगर सिंह, अनुचर सईद शामिल रहे।गोष्ठी के दौरान एसपी डॉ० जगदीश चन्द्र, एसपी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, सीओ (प्रशिक्षु) विनय सिंह, सीओ (प्रशिक्षु) अंकित थपलियाल, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, निरीक्षक एलआईयू ज्ञानेंद्र शर्मा, राजकुमार बिष्ट प्रतिसार निरीक्षक पुलिस दूरसंचार समेत सभी थाना, चौकी,शाखा, यातायात, सीपीयू प्रभारी, पीएसी प्रभारी एसडीआरएफ प्रभारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।




# ढोलक-मजीरे पाकर खिले कीर्तन मंडलियों के चेहरे

रुद्रपुर। देवभूमि की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के संकल्प के साथ महापौर विकास शर्मा ने अपना एक और वायदा पूरा किया है। चौत्र नवरात्र के पावन अवसर पर महापौर ने शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर भजन-कीर्तन की आवश्यक सामग्री जैसे ढोलक, मजीरा, ढपली व अन्य वाद्य यंत्र वितरित किए। इस दौरान कई देवालयों में महापौर स्वयं भी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए और उन्होंने कीर्तन मंडलियों के साथ बैठकर भजन-कीर्तन किया, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया।महापौर ने नई पहल के तहत सिंह कालोनी स्थित श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर, सुभाष कालोनी स्थित पूर्णागिरी मंदिर, मुख्य बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, खेड़ा स्थित संतोषी माता मंदिर सहित कई मंदिरों में भजन कीर्तन की सामग्री वितरित की। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा देना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि चौत्र नवरात्रि के उल्लास को दोगुना करने के लिए निगम प्रशासन ने शहर के प्रमुख मंदिरों को संकीर्तन सामग्री भेंट करने का निर्णय लिया था। महापौर ने कहा कि उनका यह संकल्प है कि शहर के किसी भी वार्ड का कोई भी मंदिर संसाधनों के अभाव में कीर्तन-भजन से वंचित न रहे। इन सामग्रियों के वितरण से न केवल मंदिरों में होने वाले सामूहिक आयोजनों को नया स्वरूप मिलेगा, बल्कि वर्तमान पीढ़ी भी अपनी जड़ों और परंपराओं से मजबूती से जुड़ी रहेगी।महापौर ने शहरवासियों को आश्वस्त किया कि धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में नगर निगम कोई कसर नहीं छोड़ेगा। संकीर्तन सामग्री मिलने से कीर्तन मंडलियों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने इस पहल के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया।इस दौरान महापौर के साथ पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पार्षद शालू पाल, पार्षद सुशील चौहान, मुख्य बाजार पार्षद चिराग कालरा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रीति धीर, श्री अमरनाथ सेवा मंडल अध्यक्ष अजय चड्ढा, नरेंद्र अरोरा, बॉबी अरोरा, मंडल महामंत्री पारस चुघ, गौरव जुयाल, नीतीश धीर, सन्नी, हुकम सिंह, गर्वित, पूर्व प्रधान विमला देवी, रेनू सिंह, सुषमा वर्मा, रीता चौहान, गार्गी गुप्ता, कौशल्या देवी, ऊषा देवी, अंजू चौहान, प्रवेश चौहान, एकता सक्सेना, कमला पाण्डेय, प्रीति राजपूत, ज्योति सिंह, गीता चौहान एवं अनीता गहलोत सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।










# आरटीई के तहत निर्धन बच्चों के प्रवेश और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व जिला सभागार में जनपद के निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत मानकानुसार प्रवेश सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों की मान्यता व नवीनीकरण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निजी विद्यालय संचालकों को कड़े निर्देश दिए कि आरटीई के तहत यदि निर्धन बच्चों द्वारा आवेदन किया जाता है, तो उन्हें नियमों के अनुसार अनिवार्य रूप से प्रवेश दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रवेश शुल्क एवं शिक्षण शुल्क से संबंधित निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन किया जाना चाहिए। स्कूलों को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों की ड्रेस में बार-बार बदलाव न किया जाए और विद्यालय की वाहन व्यवस्था व सुरक्षा मानकों में कोई कोताही न बरती जाए। सीडीओ ने विद्यालयों में तैनात शिक्षकों, कार्मिकों, चालकों और परिचालकों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही बुक बैंक की स्थापना और एनसीपीसीआर व एससीपीसीआर के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया।अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बैठक में छात्र-छात्राओं के परिवहन वाहनों पर कड़ी नजर रखने और विद्यालयों में एंटी ड्रग्स अभियान के तहत बच्चों को जागरूक करने पर जोर दिया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने स्कूली वाहनों में सुरक्षा संबंधी मानकों की जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल बसों में महिला कंडक्टर की नियुक्ति अनिवार्य है। मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा ने भी छात्रों के उत्पीड़न को रोकने और सभी सुरक्षा मानकों को समय पर पूर्ण करने की हिदायत दी। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, डीके साहू, हरिवाब निरंजन, सत्येंद्र यादव, जिला समन्वयक हिमांशु कुमार चौहान सहित विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधक उपस्थित थे।



# मेधावी छात्रा आलिया ने किया टॉप

खटीमा। राजकीय इंटर कॉलेज, चारुबेटा से हाईस्कूल की परिषदीय परीक्षा में 81.2 प्रतिशत के साथ गत वर्ष विद्यालय टॉप करने के बाद राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रवेश लेने वाली ग्राम मुंडेली की मेधावी छात्रा आलिया ने इस वर्ष भी कक्षा 11 में 96.6 प्रतिशत के साथ सीनियर वर्ग में विद्यालय टॉप किया है। आलिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने समस्त गुरुजनों और अपनी दादी अफसाना बेगम तथा स्वजनों को दिया है। गत वर्ष दस हजार रुपये का इंस्पायर अवार्ड जीतकर जनपद स्तर पर प्रतिभाग करने वाली आलिया शुरू से ही प्रतिभाशाली रही है। उसने अपनी सभी पूर्व कक्षाएँ विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की हैं। आलिया की हाईस्कूल की उपलब्धि के फलस्वरूप उसकी माँ सितारा बी को भी कमला नेहरू पुरस्कार दिया जा चुका है। आलिया की प्राथमिक विद्यालय, चारुबेटा की प्रधानाध्यापिका मीना गुप्ता, राजकीय इंटर कॉलेज, चारुबेटा के प्रधानाचार्य रामनारायण वर्मा तथा राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा सहित तीनों विद्यालयों के उसके गुरुजनों ने उसे बधाई देते हुए यह शुभकामना की है कि आगामी इंटरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा में वह उत्कृष्ट प्रदर्शन करे।



# जनपद में फायरिंग की घटनाओं और अवैध हथियारों के खिलाफ चला पुलिस का हंटर, 64 तस्कर दबोचे

## 77 से अधिक अवैध शस्त्र और भारी मात्रा में कारतूस बरामद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "अपराध मुक्त उत्तराखंड" के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए ऊधमसिंह नगर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक अभियान चलाया है। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से 12 मार्च से 26 मार्च 2026 तक चले इस 15 दिवसीय विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग और प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 59 अभियोग पंजीकृत किए। इस दौरान पुलिस ने 64 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा, जिससे जनपद में होने वाली फायरिंग की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने प्रेस वार्ता में बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है जिसमें 77 से अधिक अवैध शस्त्र शामिल हैं। बरामदगी के विवरण के अनुसार पुलिस ने 71 अवैध तमंचे, 03 घातक पिस्टल, 02 पंप एक्शन गन, 01 बंदूक (.315 बोर), 116 जिंदा कारतूस, 04 खोखा कारतूस और 02 मैगजीन बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर



शस्त्र प्रदर्शन के मामले में भी पुलिस ने एक मुकदमा दर्ज कर 01 लाइसेंसी पिस्टल और 06 कारतूस जब्त किए हैं। थानावार कार्यवाही पर नजर डालें तो कोतवाली जसपुर ने सर्वाधिक 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 07 तमंचे, 02 पिस्टल और 02 पंप एक्शन गन बरामद की। कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने 04 अभियुक्तों से 11 तमंचे, 01 पिस्टल और 30 कारतूस बरामद किए, जबकि कोतवाली रुद्रपुर ने 07 अभियुक्तों को दबोचकर 10 तमंचे और 22 कारतूस बरामद करने में सफलता पाई। इसी प्रकार कोतवाली बाजपुर ने 07 अभियुक्तों से 01 बंदूक और 06 तमंचे, कोतवाली सितारगंज, काशीपुर और कुंडा ने 05-05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कुल 15 तमंचे बरामद किए। कोतवाली गदरपुर और खटीमा पुलिस ने भी सक्रियता दिखाते हुए 04-04 अभियुक्तों को जेल भेजा और 08 तमंचे बरामद किए। अन्य थाना क्षेत्रों जैसे किच्छा, नानकमत्ता, पुलभट्टा, केलाखेड़ा, दिनेशपुर, आईटीआई, पंतनगर और झनकईया में भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए तस्करों को हथियारों के साथ दबोचा गया। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि पूरे जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण, तस्करी और भंडारण करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। इस व्यापक अभियान से अपराधियों के बीच भय का माहौल व्याप्त है। एसएसपी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अवैध शस्त्रों की तस्करी या सार्वजनिक प्रदर्शन से संबंधित किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 पर साझा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शस्त्र रखना या प्रदर्शित करना एक गंभीर दंडनीय अपराध है और ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी क्योंकि जनसुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रंजिशन युवक पर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजय नगर में आयोजित मां बसंती मेले के दौरान एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं और उसका एक दांत भी टूट गया है। पीड़ित के पिता ने कोतवाली ट्रांजिट कैंप में नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में वार्ड नंबर 11, संजय नगर निवासी ब्रजेन किर्तनिया पुत्र आनन्द ने बताया कि उनका 18 वर्षीय पुत्र संजय किर्तनिया 25 मार्च की रात लगभग 11 बजे मोहल्ले में ही आयोजित मां बसंती मेले में गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद विक्की पुत्र विद्यान ने अपने साथियों विक्रम उर्फ नालो, तरुण विश्वास और कुछ अन्य अज्ञात युवकों के साथ मिलकर संजय को घेर लिया। हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए संजय पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर जमा होने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। इस हमले में संजय के शरीर और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों के अनुसार, उसके सिर पर छह टांके आए हैं और मारपीट के दौरान उसका एक दांत भी टूट गया है। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल रुद्रपुर ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया है। पीड़ित पक्ष ने पुत्र की जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा में उठाई उत्तराखंड के 'भूतिया गांवों' को पुनर्जीवित करने की मांग

नई दिल्ली/रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान उत्तराखंड के निर्जन हो चुके गांवों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सदन में राज्य के खाली हो चुके गांवों, जिन्हें 'घोस्ट विलेज' या भूतिया गांव कहा जाता है, के पुनर्स्थापन के लिए केंद्र सरकार से एक विशेष नई योजना बनाने की मांग की है।सांसद अजय भट्ट ने सदन को अवगत कराया कि उत्तराखंड में प्रवासन आयोग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1700 से अधिक गांव पूरी तरह निर्जन हो चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए बताया कि उस समय 1048 गांव गैर-आबाद श्रेणी में थे, लेकिन अब यह



संख्या तेजी से बढ़ी है। अजय भट्ट ने भावुक होते हुए कहा कि जिन गांवों में कभी शादी-ब्याह के शगुन गीत गूंजते थे और त्योहारों पर लोक संस्कृति की छटा बिखूरती थी, आज वहां सन्नाटा पसरा है। पलायन के कारण घर सुनसान पड़े हैं और उपजाऊ खेत बंजर हो चुके हैं। मानवीय बसावट खत्म होने से ये गांव अब बाघ, तेंदुए, भालू और अन्य जंगली जानवरों का विचरण केंद्र बन गए हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'वाइब्रेंट विलेज' योजना की सराहना करते हुए सांसद ने कहा कि इस पहल से सीमावर्ती गांवों की सुरक्षा और कनेक्टिविटी मजबूत हुई है, जिससे वहां पलायन रुक रहा है। उन्होंने इसी तर्ज पर मध्य हिमालयी क्षेत्रों के लिए भी एक नई योजना की आवश्यकता जताई ताकि रोजगार और सुविधाओं के अभाव में शहर जा चुके लोग वापस अपने गांवों की ओर लौट सकें। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि 'रिवर्स पलायन' को बढ़ावा देने के लिए ठोस नीति बनाई जाए ताकि उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति और सामरिक महत्व के इन गांवों को फिर से आबाद किया जा सके।

# लोकतंत्र सेनानियों ने मध्य एशिया में युद्ध विराम की मांग को लेकर उठाई आवाज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने मध्य एशिया में जारी युद्ध को तत्काल समाप्त करने की मांग की है। संघ ने दोनों पक्षों से शांति के मार्ग पर चलने और आपसी मतभेद मिल-बैठकर हल करने का आह्वान किया है। इस संबंध में आयोजित एक गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा ने कहा कि इस युद्ध के कारण बड़ी संख्या में उन बेकसूर बच्चों ने अपनी जान गंवाई है, जिनका कोई दोष नहीं था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उसकी चुप्पी को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी विश्वसनीयता खोता जा रहा है और इसे केवल कागजी घोड़ा न बनकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एडवोकेट कमल चिलाना ने कहा कि वर्तमान युद्ध की स्थिति से पूरा विश्व स्तब्ध है और आम जनता शांति चाहती है। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा ने युद्ध के उद्देश्यों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गाजा तक सीमित लड़ाई के आगे बढ़ने का कोई औचित्य समझ से परे है। उन्होंने तत्काल युद्ध विराम कर बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने पर जोर दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व दर्जा राज्यमंत्री और लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि युद्ध से आज तक किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि हर विवाद का अंतिम हल शांति की मेज पर ही संभव होता है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदायों से इस मानवीय संकट को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की। इस अवसर पर नरेंद्र नरूला, एडवोकेट यशपाल अरोड़ा, नोटरी एडवोकेट होमी कुरैशी, एडवोकेट सोमिल घीक तथा यशपाल घई समेत कई अन्य लोग मौजूद थे। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में युद्ध के विरुद्ध और वैश्विक शांति के समर्थन में अपनी बात रखी।

# चोरी की 6 मोटरसाइकिलों के साथ दो शातिर गिरफ्तार

काशीपुर। कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की 06 मोटर साईकिलों के साथ 02 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार। क्षेत्र से विगत दिनो घटित मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओ के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में मोटर साइकिल चोरी की घटनाओ के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी -पतारसी करते हुये मुखबिर की सूचना पर शनिवार को गुरुद्धारे के पीछे ईदगाह के सामने आम के बाग को जाने वाले रास्ते में 2 युवकों रितेश कुमार उर्फ निक्का पुत्र तेजपाल सिंह निवासी काली माता मन्दिर रोड मौहल्ला भूप सिंह थाना जसपुर तथा विशाल दिवाकर उर्फ कालू पुत्र स्व. रघुवीर दिवाकर निवासी पशुपति बिहार कालौनी थाना आईटीआई को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की कुल 6 चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल हरेंद्र चौधरी के अलावा उप निरीक्षक कौशल भाकुनी, सौरभ भारती, गिरीश चंद्र, कांस्टेबल प्रेम कनवाल, महेंद्र सिंह, दीपक जोशी व देवानंद शामिल रहे।



# आइकन प्रीस्कूल में हर्षोल्लास के साथ मना दीक्षांत समारोह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित आइकन प्रीस्कूल में ग्रेजुएशन डे एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में नर्सरी, प्री-नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान बच्चे ग्रेजुएशन कैप और गाउन पहने हुए बेहद आकर्षक और आत्मविश्वास से भरे नजर आ रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी बच्चों को उनके वार्षिक प्रदर्शन और कड़ी मेहनत के आधार पर रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों जिनमें एकम, यतिका, दिव्यांशु, हरगुन, अक्षी, कनिष्का, अरनव, जियांस और अनिरुद्ध शामिल रहे, को परितोषिक, आकर्षक उपहार, इनाम एवं मेडल देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने बच्चों के मनोबल और आत्मविश्वास को और अधिक बढ़ाया। शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की इन प्रारंभिक उपलब्धियों पर गहरा गर्व और प्रसन्नता व्यक्त की।



# भाषण प्रतियोगिता में तनुजा प्रथम व हिमेश रहे द्वितीय

रानीखेत (उद संवाददाता)। स्व. श्री जयदत्त वैला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जंतु विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर एवं स्नातक के विद्यार्थियों हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को प्राध्यापकों द्वारा विश्व जल दिवस 2026 की थीम जल और लैंगिक समानता पर प्रकाश



देते हुए जल संरक्षण की अहमियत के बारे में बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पुष्पेश पांडे द्वारा विद्यार्थियों को अपने स्तर पर जल संरक्षण के उपाय करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तनुजा कबडवाल, द्वितीय स्थान पर हिमेश तथा तृतीय स्थान पर भावना बिष्ट रहे। कार्यक्रम में डॉ. दीपा पांडे, डॉ. तनुजा तिवाड़ी, डॉ. निहारिका सिंह बिष्ट, डॉ. अपूर्वा जोशी, शोधार्थी निधि शर्मा, शिल्पा, नेहा उपस्थित रहे।

# जमीन कब्जाने के आरोप में चार लोगों पर केस दर्ज

नानकमत्ता। ग्राम कैथलिया में जमीन विवाद का मामला सामने आया है, जहां एक परिवार ने कुछ लोगों पर अवैध कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है जानकारी के अनुसार नानकमत्ता निवासी हरिंदर सिंह पुत्र दलजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि ग्राम कैथलिया में उसके पिता नेसोहन सिंह पुत्र इन्दर सिंह से स्टाम्प के माध्यम से जमीन खरीदी थी। तब से उनके पिता उक्त भूमि पर काबिज काश्तकार के रूप में खेती करते रहे। पिता के निधन के बाद अब प्रार्थी, उसका भाई और माता इस भूमि पर खेती कर रहे हैं।प्रार्थी ने बताया कि खसरा संख्या 324 व 133 की भूमि भी वर्ष 2012 में उसके पिता द्वारा तरसेम सिंह पुत्र निरंजन सिंह से खरीदी गई थी, जिस पर भी परिवार लगातार काबिज है। इन सभी भूमि पर वर्षों से खेती की जा रही है और मौके पर खूँटे व पॉपलर के पेड़ भी लगे हुए हैं।आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुलवंत सिंह उर्फ पप्पू, परमजीत सिंह उर्फ पम्मा, मलकीत सिंह और गुरमेज सिंह उर्फ बंटी लगातार उक्त भूमि पर अवैध हस्तक्षेप कर रहे हैं। प्रार्थी का कहना है कि आरोपियों ने खेत में घुसकर खूँटे उखाड़ दिए और उसकी लेबर के साथ गाली-गलौज करते हुए गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तैयारी पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दूरदर्शी नीतियां बन रही आधार
# विकास की ओर अग्रसर उत्तराखंड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड की हाल में शुरू की गई पहलें समग्र विकास के दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। यह जहां एक ओर राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान दे रही है, वहीं उत्तराखंड को प्रगति और परिवर्तन की राह पर तेजी से आगे बढ़ा रही हैं।**





राज्य के स्थानीय लोगों से बात करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी




नियुक्ति पत्र वितरीत करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। तीर्थाटन एवं पर्यटन की दृष्टि से लोग यहां आयें, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं ताकि पर्यटक शीतकाल में पर्यटन के साथ तीर्थों का भी आनन्द ले सकें।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

## सुशासन से सामाजिक समानता और व्यापक कल्याण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए उत्तराखंड में सुधारों की निर्मल धारा प्रवाहित कर रहे हैं। राज्य सरकार उत्तराखंड को समानता, पारदर्शिता और अनंत अवसरों की भूमि बनाने की दिशा में सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ रही है।

### समान नागरिक संहिता: व्यक्तिगत कानूनों का एकीकरण

7 फरवरी 2024 को उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जिसने समान नागरिक संहिता (UCC) लागू की। इसमें विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और लिव-इन संबंधों से जुड़े कानूनों को एक ढांचे में जोड़ा गया। सिर्फ चार महीनों में मई 2025 तक 1.5 लाख से अधिक पंजीकरण हुए। ऐप, पोर्टल और गांव में बनाए गए केंद्रों की मदद से 98% गांवों से आवेदन पहुंचे। यह कानून महिलाओं को बराबरी और न्याय देता है, जबकि इसमें अनुसूचित जनजातियों की परंपराओं को संरक्षण के लिए छूट दी गई है।



### एंटी-चीटिंग कानून: निष्पक्ष परीक्षाओं की गारंटी

प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए उत्तराखंड ने सख्त एंटी-चीटिंग कानून लागू किया है। पेपर लीक, नकल या भर्ती घोटाले अब संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध हैं। सजा में 10 साल तक की कैद, भारी जुर्माना और अवैध संपत्ति की जब्ती शामिल है। इस कदम ने युवाओं का भरोसा बहाल किया है और मेरिट आधारित भर्ती प्रणाली को मजबूती मिली है।

### महिलाओं को 30% आरक्षण: सशक्तिकरण की दिशा में कदम

उत्तराखंड लोक सेवा अधिनियम, 2022 (जनवरी 2023 से लागू) के तहत राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% आरक्षण दिया गया है। यह सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी सभी वर्गों की महिलाओं पर लागू होता है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में यह निर्णय महिलाओं को अवसर और समृद्धि प्रदान कर रहा है।

**ये सुधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साझा दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, जिसमें प्रगतिशील, सशक्त और सक्षम उत्तराखंड के निर्माण की झलक दिखती है, जो सामाजिक समानता को बढ़ावा देता है, सुशासन को आधार बनाते हुए अपनी परंपराओं का भी सम्मान करता है। समान नागरिक संहिता (UCC) सुधार सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर नागरिकों के व्यापक कल्याण को सुनिश्चित करते हैं। निरंतर प्रयासों से राज्य में न्यायपूर्ण और संतुलित वातावरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।**

### जनसांख्यिकी की रक्षा: जबरदस्ती धर्मांतरण पर रोक

उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम (2018, संशोधित 2022 व 2024) जबरदस्ती, धोखे से या प्रलोभन देकर धर्मांतरण को दंडनीय अपराध बनाता है। इसमें विशेष रूप से नाबालिगों, महिलाओं और एससी/एसटी समुदायों से जुड़े मामलों में 10 साल तक की कैद और भारी जुर्माने का प्रावधान है। यह कानून कमजोर वर्गों की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द को सुनिश्चित करता है।

### भूमि कानून 2025: पर्यावरण और धरोहर की सुरक्षा

फरवरी 2025 में विधानसभा ने नया भूमि सुधार कानून पारित किया। इसके तहत बाहरी लोगों को अधिकांश जिलों (हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर को छोड़कर) में कृषि व बागवानी भूमि खरीदने पर रोक है। खरीदारों को शपथ पत्र देना होगा और सख्त नियमों का पालन करना होगा। इस कानून का उद्देश्य भूमि माफियाओं पर रोक, पर्यावरण की रक्षा और जमीन स्थानीय समुदायों के पास सुरक्षित रखना है।

ये सभी सुधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की साझा दृष्टि को दर्शाते हैं, जिसमें प्रगतिशील, सशक्त और आत्मनिर्भर उत्तराखंड की छवि झलकती है, जो सामाजिक न्याय, सुशासन और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान करता है।

## श्रीअन्न से समृद्धि की ओर
## कृषि में आई नई क्रांति

**'मंडुआ' की कीमतें बढ़ाने से लेकर विदेशी फलों की खेती को बढ़ावा देने तक राज्य की नीतियां किसानों को सशक्त बना रही हैं और ग्रामीण समृद्धि को सुनिश्चित कर रही हैं।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पारंपरिक खेती को मजबूत करने और बागवानी क्रांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। राज्य सरकार ने बाजरा, सेब, कीवी और ड्रैगन फ्रूट की खेती को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है, जिससे पोषण सुरक्षा और किसानों की आय, दोनों में वृद्धि हो रही है।

2022 से मंडुआ (फिंगर मिलेट) को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जा रहा है और इसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मध्याह्न भोजन कार्यक्रम और आंगनवाड़ी पोषण योजनाओं में शामिल किया गया है। 2023 में लॉन्च हुई स्टेट मिलेट मिशन के तहत उत्पादन, भंडारण और जागरूकता अभियानों में तेजी आई है। इसके परिणामस्वरूप सिर्फ दो साल में मंडुआ का समर्थन मूल्य 68% बढ़ गया है।

उत्तराखंड कीवी नीति (2025–31) और ड्रैगन फ्रूट योजना (2025–28) के तहत किसानों को कीवी के लिए 70% और ड्रैगन फ्रूट के लिए 80% सब्सिडी दी जा रही है। ये पहलें किसानों को उच्च-मूल्य वाले फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इसके जरिए किसान अपनी आय बढ़ाते हैं और टिकाऊ, आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाते हैं।

इन कदमों से उत्तराखंड में समृद्ध, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए मजबूत कृषि ढांचा तैयार हो रहा है।





## आईटी और डिजिटल तकनीक आधारित सेवाओं की शुरुआत



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित कई सेवाओं की शुरुआत की है। इनमें डिजिटल उत्तराखंड ऐप, सुरक्षित, स्केलेबल और सुगम्य (S3Waas) प्लेटफॉर्म पर निर्मित 66 वेबसाइटें, शहरी क्षेत्रों में कचरा संग्रहण वाहनों की रीयल-टाइम ट्रैकिंग के लिए जीआईएस आधारित वेब एप्लिकेशन, बेहतर नागरिक सेवा के लिए 1905 सीएम हेल्पलाइन में इनोवेशन, अतिक्रमण निगरानी के लिए वेब आधारित एप्लिकेशन शामिल हैं। कुछ प्रमुख घोषणाएं इस प्रकार हैं:

- उत्तराखंड में भविष्य की चुनौतियों को पूरा करने के लिए नेक्स्ट-जेनरेशन डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिसमें समर्पित डिजास्टर रिकवरी तंत्र होगा।
- राज्य में 'एआई मिशन' जल्द शुरू किया जाएगा, जिसे 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा।
- सुशासन को आगे बढ़ाते हुए राज्य में नेक्स्ट-जेनरेशन रिमोट सेंसिंग और ड्रोन एप्लिकेशन सेंटर विकसित किया जाएगा।
- सरकार राज्य में समर्पित आईटी कैडर स्थापित करने की दिशा में काम करेगी।

## एमएसएमई और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने का नया रोडमैप तैयार

**नीतिगत सुधारों, वित्तीय प्रोत्साहनों और संस्थागत सहयोग के साथ उत्तराखंड सरकार इनके लिए मजबूत इकोलॉजी तैयार कर रही है।**





उत्तराखंड सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना शुरू की है। इसका उद्देश्य राज्य को स्टार्टअप्स, हरित उद्योगों और उच्च-गुणवत्ता वाले स्थानीय उत्पादों का वैश्विक हब बनाना है। नई एमएसएमई नीति टिकाऊ, समावेशी और रोजगार सृजित करने वाले उद्यमों पर जोर देती है। साथ ही, निवेशकों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुनिश्चित करती है।

### राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ये न केवल रोजगार के अवसर सृजित करते हैं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पाद भी बनाते हैं। सरकार के नए फोकस के तहत स्थानीय कच्चे माल का उपयोग करने वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, नवीकरणीय और हरित ऊर्जा आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और प्रदूषण-मुक्त टिकाऊ उद्योगों का विकास किया जा रहा है। इन प्रयासों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, राज्य की जीडीपी को मजबूती मिलेगी, निवेश आकर्षित होगा और समावेशी विकास को बल मिलेगा।

### नीतिगत प्रोत्साहन और कार्ययोजना

राज्य की नीति नए और मौजूदा दोनों उद्यमों को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। मौजूदा औद्योगिक इकाइयों में तकनीकों को बेहतर बनाकर प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही, पूंजी और बाजार तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। निवेश आकर्षित करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन लागू किए जा रहे हैं।

सरकार वन डिस्ट्रिक्ट, टू प्रोडक्ट (ओडीटीपी) योजना और जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग को भी बढ़ावा दे रही है, ताकि उत्तराखंड के विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान मिले। इसके अलावा, राज्य की नीतियां राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मेक इन इंडिया और मुद्रा योजना से जोड़ी जा रही हैं, ताकि मेक इन उत्तराखंड ब्रांड को व्यापक पहचान मिल सके।

### समावेशी और टिकाऊ विकास

सरकार का लक्ष्य है कि एमएसएमई सेक्टर का विकास समावेशी तरीके से हो। इसके लिए महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति व जनजाति समुदाय व विशेष क्षमताओं वाले उद्यमियों को सहायता दी जा रही है। इन समूहों को अपने कारोबार बढ़ाने और नए अवसरों तक पहुंच दिलाने के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन, सब्सिडी और समर्पित हेल्पलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### संस्थागत सहयोग की मजबूती

जिला उद्योग केंद्रों (डीआईसी) का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, ताकि उद्यमियों को तकनीकी सुविधाएं, प्रोजेक्ट तैयारी और परामर्श सेवाएं मिल सकें। सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम को और सरल बनाया जा रहा है, ताकि उद्योगों को तेजी से अनुमोदन मिल सके। साथ ही, निदेशालय स्तर पर एक निवेश के प्रोत्साहन और सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो निवेशकों और कारोबारियों के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन का काम करेंगे। महिलाओं और दिव्यांग उद्यमियों के लिए विशेष हेल्पलाइन सेवाएं भी शुरू की जा रही हैं।

### विपणन और वैश्विक पहुंच

उत्तराखंड हथकरघा और हस्तशिल्प विकास परिषद राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ावा देने के लिए सक्रिय है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन पोर्टल्स का उपयोग बढ़ाया जा रहा है, ताकि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिले। इस पहल का उद्देश्य है कि व्यापार को प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय परंपराओं को संरक्षित रखा जाए और उत्तराखंड को टिकाऊ व समावेशी उद्योगों का हब बनाया जाए।

## वित्तीय प्रोत्साहन और सब्सिडी

**नई एमएसएमई नीति के अंतर्गत उद्यमों को ये वित्तीय लाभ प्रदान किए जा रहे हैं:**

- श्रेणी के आधार पर 100% तक स्टाम्प ड्यूटी की वापसी
- संयंत्र और मशीनरी पर 50% तक की पूंजी सब्सिडी
- प्राथमिक श्रेणियों के लिए 10 लाख रुपये तक की अतिरिक्त पूंजी निवेश सब्सिडी
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और दिव्यांग उद्यमियों को 5% अतिरिक्त सब्सिडी
- श्रेणी के अनुसार 21 लाख रुपये तक की ब्याज सब्सिडी वापसी
- 500 किलोवाट तक के स्वीकृत लोड वाले नए उद्यमों के लिए पांच वर्षों तक बिजली शुल्क की वापसी
- जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट (जेडईडी) सर्टिफिकेशन के तहत मान्यता
- स्वर्ण, रजत और कांस्य श्रेणियों में प्रमाणित इकाइयों को 75,000 रुपये प्रति इकाई मौद्रिक पुरस्कार

### पर्यटन और रोजगार को बल

उत्तराखंड में सड़कों का कायाकल्प पर्यटन क्षेत्र के लिए अहम साबित हुआ है। होमस्टे, रिवर वैली कैंपिंग, एडवेंचर ऑपरेटर्स और चारधाम यात्रा सेवाओं जैसे व्यवसाय लंबे समय तक संचालित हो पा रहे हैं और उन्हें कम लॉजिस्टिक जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा फायदा उत्तराखंड के नागरिकों को मिल रहा है।

उत्तराखंड में ई-वे की वजह से वीकेंड विजिट्स भी बढ़ी हैं, जिससे ऋषिकेश और हरिद्वार जैसे शहरों को अतिरिक्त आय हो रही है। बेहतर सड़क नेटवर्क ने कम-जाने पहचाने स्थलों को भी पर्यटन मानचित्र पर ला दिया है, जिससे इको-टूरिज्म और पहाड़ियां टूरिज्म को प्रोत्साहन मिल रहा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। कुल मिलाकर उत्तराखंड का समग्र विकास हो रहा है, जिसमें नागरिकों का हित सर्वोपरि है।

## धामी सरकार के प्रयासों से उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को मिला विस्तार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ भारत के विज़न के अनुरूप उत्तराखंड में स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सभी के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित निवेश और सुधार किए जा रहे हैं। पिछले चार वर्षों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया है।



2021 में अल्मोड़ा और 2024 में हरिद्वार में दो नए सरकारी मेडिकल कॉलेज शुरू किए जा चुके हैं। इस विस्तार से 200 नई एमबीबीएस सीटें जुड़ी हैं, जिससे राज्य में कुल सीटों की संख्या बढ़कर 625 हो गई है। इसके अतिरिक्त, पिथौरागढ़ और रुद्रपुर में नए कॉलेज स्थापित करने की तैयारी है, जहां संबद्ध अस्पताल पहले से ही कार्यरत हैं। किच्छा में एम्स (सैटेलाइट सेंटर) पर भी काम प्रगति पर है, जबकि एम्स ऋषिकेश ने राज्य की पहली एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की है। इसके अलावा, हर्रावाला (देहरादून) में 300 बेड का कैंसर अस्पताल भी तैयार कर लिया गया है।

अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना एक अहम कार्यक्रम के रूप में उभरी है, जिसके तहत करीब 60 लाख लाभार्थियों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना देशभर के 30,000 से अधिक अस्पतालों में मान्य है।

जिला और तहसील स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का लक्ष्य न केवल स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है, बल्कि उत्तराखंड के युवाओं के लिए नए रोजगार और करियर के सुनहरे अवसर भी सृजित करना है।

A MEDIA SOLUTION INITIATIVE


गुरु मां
Bachha
hai tu
mera..!!
Ye Le
Best Cooling
Wala AC,
Guru Maa
Electronics
Se Laaya Hun
Tere Liye!
Guru Maa electronics
99171 61111

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## दहेज हत्या और उत्पीड़न

इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं। सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमश: 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है। मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है! इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामलों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए और ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर उनकी गहन जांच की जाए। इस तरह के मामलों की सुनवाई त्वरित अदालतों में की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। इसके साथ ही सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता और अन्य पहलों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जैसे महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा बेटियों को लेकर समानता आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर सही मायने में अमल में लाना। सच यह है कि कानूनी सख्ती के समांतर जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी कुरीति को पूरी तरह खत्म कर पाना संभव नहीं है।

# राज्यपाल ने नैनी सैनी हवाई अड्डे पर स्थानीय उत्पादों और विकास कार्यों का लिया जायजा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह एक दिवसीय दौरे पर सीमांत जनपद पिथौरागढ़ पहुंचे। नैनी सैनी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य गया।हवाई अड्डा परिसर में राज्यपाल ने ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, जिला उद्योग केंद्र तथा हाउस ऑफ हिमालयाज सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय और समूहों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि स्थानीय उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।इस प्रवास के दौरान राज्यपाल ने आशीर्वाद प्रदान किया। इसके पश्चात उन्होंने जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और





स्वागत किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह एवं उपजिलाधिकारी जीतेन्द्र वर्मा ने भी राज्यपाल का अभिनंदन किया। आगमन के पश्चात पुलिस विभाग की टुकड़ी द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर सम्मानित किया उत्पादों, स्वरोजगार गतिविधियों और सरकारी योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आय में हो रही वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों हवाई अड्डे पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जाना और उन्हें लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूरी लगन व परिश्रम से तैयारी करने के लिए प्रेरित करते हुए अपना प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सभी योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर प्रशासन और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मीडिया कर्मियों ने फूंका खटीमा के भाजपा नेता का पुतला

चम्पावत(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों ने उधम सिंह नगर जिले के खटीमा में ग्राउंड रिपोर्टिंग को लेकर एक पत्रकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने का विरोध जताया। मीडिया कर्मियों ने इस मामले में पत्रकार की शिकायत करने वाले खटीमा के भाजपा नेता कुलदीप सिंह राणा का पुतला दहन किया। मीडिया कर्मियों ने मोटर स्टेशन में नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और इसके बाद डीएम और एसपी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पत्रकार उत्पीड़न पर रोष जताया। इस विरोध प्रदर्शन को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी समर्थन मिला। मीडिया कर्मियों का कहना था कि खटीमा



के पत्रकार दीपक फुलेरा ने वर्तमान में चल रहे रसोई गैस संकट को लेकर ग्राउंड रिपोर्टिंग की थी। इसी को लेकर भाजपा नेता कुलदीप सिंह राणा ने पुलिस को तहरीर देकर पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर खटीमा पुलिस ने बिना जांच-पड़ताल किए ही पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र पर कुठाराघात बताते हुए तत्काल मुकदमा निरस्त किए जाने की मांग उठाई। पुतला दहन और ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पत्रकार संगठन के अध्यक्ष चंद्रबल्लभ ओली, महामंत्री गिरीश बिष्ट, कोषाध्यक्ष दिनेश भट्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, पंकज पाठक, विपिन जोशी, राहुल महर, सूरी पंत, सतीश जोशी आदि के अलावा समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष ललित मोहन भट्ट, सूरज पुजारी, दीपक जोशी, गोविंद सिंह, प्रदीप सिंह आदि शामिल रहे।

# कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जिप्सियों के प्रवेश को लेकर गहराया विवाद

रामनगर (उद संवाददाता)। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में जिप्सियों के प्रवेश को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। कॉर्बेट प्रशासन ने नए स्थायी परमिट धारकों के लिए 1 अप्रैल को लॉटरी सिस्टम के जरिए चयन प्रक्रिया निर्धारित की है। सीटों की तुलना में आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण प्रशासन ने यह निर्णय लिया है जिस पर अब सवाल उठने लगे हैं।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने जानकारी दी कि पंजीकरण प्रक्रिया के तहत प्राप्त सभी आवेदनों की जांच पूरी कर ली गई है। वैध पाए गए आवेदनों को ओपन कैटेगरी और ईडीसी श्रेणी में विभाजित किया गया है। उनके अनुसार ओपन कैटेगरी में 43 सीटों के सापेक्ष 64 आवेदन मिले हैं जबकि ईडीसी श्रेणी में 50 सीटों के लिए 66 दावेदार सामने आए हैं। ऐसी स्थिति में दोनों ही श्रेणियों के लिए लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। उपनिदेशक ने स्पष्ट किया कि कुछ आवेदकों ने ईडीसी श्रेणी में अनुभव के आधार पर प्राथमिकता देने की मांग की थी लेकिन वर्ष 2024 की गाइडलाइन में इसके लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है इसलिए वर्तमान प्रक्रिया नियमों के अनुसार ही पूरी की जाएगी।विवाद की जड़ वर्ष 2024 में वन मंत्री द्वारा जारी उस आदेश को माना जा रहा है जिसमें 2022 के बाद के स्थायी परमिट वाली जिप्सियों को पार्क में प्रवेश से रोक दिया गया था। इस आदेश के विरुद्ध करीब 15 जिप्सी स्वामियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने वन मंत्री के पत्र को खारिज करते हुए नए परमिट धारकों को राहत प्रदान की थी। हाईकोर्ट के इसी फैसले के क्रम में अब कॉर्बेट प्रशासन ने कुल 130 जिप्सियों में से 93 वाहनों को लॉटरी के जरिए प्रवेश देने का निर्णय लिया है। प्रशासन की इस व्यवस्था को लेकर नए जिप्सी स्वामियों में भारी असंतोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि 5 और 8 साल की अनुभव श्रेणी बनाकर पुराने जिप्सी मालिकों को अनुचित प्राथमिकता दी जा रही है जिससे नए कारोबारियों के साथ भेदभाव हो रहा है। विरोध जता रहे कारोबारी नमित अग्रवाल का कहना है कि जब हाईकोर्ट ने निष्पक्ष लॉटरी सिस्टम की बात कही है तो सभी को समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस निर्णय में सुधार नहीं किया गया तो वे पुन: हाईकोर्ट की शरण लेंगे। अब सबकी नजरें 1 अप्रैल को होने वाली चयन प्रक्रिया पर टिकी हैं।

# सभी कैबिनेट मंत्रियों को सौंपे जिलों के प्रभार

देहरादून। उत्तराखंड में विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए नए सिरे से कैबिनेट मंत्रियों को जिलों के प्रभार सौंपे गए हैं। सीएम पुष्करर सिंह धामी के दिशा निर्देश के बाद शुक्रवार देर शाम इसे लेकर प्रमुख सचिन मीनाक्षी सुंदरम की ओर से लिस्ट भी जारी कर दी गई है।लिस्ट के अनुसार सतपाल महाराज को हरिद्वार का प्रभारी बनाया गया है। जबकि गणेश जोशी को टिहरी और रुद्रप्रयाग का प्रभार सौंपा है। इसके अलावा धन सिंह रावत को अल्मोड़ा और सुबोध उनियाल को देहरादून का प्रभारी बनाया गया है। वहीं मंत्री सौरभ बहुगुणा को उत्तरकाशी और खजनदास को नैनीताल की जिम्मेदारी दी गई है। उधर मदन कौशिक को पौड़ी का प्रभारी बनाया गया है। जबकि भारत चौधरी को चमोली और चंपावत की जिम्मेदारी दी गई है। इसके आलावा कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य को पिथौरागढ़ का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। जबकि प्रदीप बत्रा को उधम सिंह नगर और मंत्री राम सिंह केड़ा को बागेश्वर का प्रभार मिला है।

# सैन्य बाहुल्य पिथौरागढ़ की प्रगति और सैनिकों के कल्याण हेतु राज्यपाल ने भरा जोश

## भूतपूर्व सैनिक रैली में वीर नारियों का सम्मान और स्वरोजगार पर दिया जोर

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पंचशूल ब्रिगेड की 12 कुमाऊँ में भारतीय सेना द्वारा आयोजित भूतपूर्व सैनिकों की रैली एवं सैनिक परिवारों के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने जोरावर साइकिल रैली का झंडी दिखाकर समापन किया और प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने वहां उपस्थित वेटरन्स एवं वीर नारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया। पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना का प्रत्येक जवान एक स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता होता है। उन्होंने इस नेतृत्व क्षमता का उपयोग समाज हित में करते हुए सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने पिथौरागढ़ मिलिट्री स्टेशन को उत्तराखण्ड के सभी सैन्य स्टेशनों में उत्कृष्ट बताते हुए जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 40 हजार पर्यटक पिथौरागढ़ आए हैं और आने वाले वर्षों में यह संख्या लाखों तक पहुंचने की उम्मीद है। पिथौरागढ़ को महादेव की पवित्र धरती बताते हुए उन्होंने कहा कि आदि कैलाश एवं ओम पर्वत जैसे धार्मिक स्थल पर्यटन को विश्व स्तर पर नई पहचान दिला रहे हैं।सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए राज्यपाल ने भारत सरकार की वाइब्रेंट विलेज पहल की सराहना की और इसे मील का पत्थर बताया। उन्होंने क्षेत्र में हनी, अरोमा एवं मिलेट्स के क्षेत्र में हो रही प्रगति को एक बड़ी क्रांति करार दिया जो स्थानीय आजीविका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने सेवानिवृत्त सैनिकों को होम स्टे संचालित करने और सैनिक परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने वन रैंक वन पेंशन योजना के लाभों के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त किया और स्वर्गीय जनरल बीसी जोशी के योगदान को याद करते हुए आर्मी पब्लिक स्कूल की स्थापना हेतु उनका धन्यवाद किया।राज्यपाल के आगमन पर जीओसी इन सी सेंट्रल कमांड लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जीओसी उत्तर भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा, जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया मेजर जनरल एमपीएस गिल सहित ब्रिगेडियर्स एवं अन्य सैन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारी, पूर्व सैनिक और उनके परिजन उपस्थित रहे।








# बहुगुणा ने पशुपालकों के लिए की दूध में 2 रु की बढ़ोतरी



सितारगंज। रामलीला मैदान में आयोजित दुग्ध उत्पादक संगोष्ठी में पशु पालन दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जिले के पशुपालकों के लिए 15 अप्रैल से दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मेहनत से जनपद में दुग्ध उत्पादन में सात प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। वहीं महिलाओं को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मातृ शक्ति के राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका के कारण राज्य मिला। देश की सीमाओं की रक्षा से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं का योगदान है। जल्द ही लोकसभा, राज्यसभा, देश की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार कानून ला रही है। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया। सरकार दुग्ध उत्पादकों को राहत दे रही है। जिसमें साइलेज में 60 प्रतिशत, भूसे में 50 प्रतिशत, मिनरल मिक्चर में 50 प्रतिशत व पशु आहार के बैग में 100 से 200 रुपये सब्सिडी दी जा रही है। पशुओं का नि:शुल्क इलाज दुग्ध संघ की ओर से किया जा रहा है। ऊधमसिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की अध्यक्ष प्रभा रावत ने कहा कि पशुपालकों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दुग्ध उत्पादकों का मिल रहा है। उन्होंने मंत्री बहुगुणा के निर्देश पर बोर्ड सदस्यों की सहमति से 15 अप्रैल से पशुपालकों को दूध के रेट में दो रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी की गई। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पशुपालकों को अब 48 रुपये प्रति लीटर दूध के रेट मिलेगा। इसके अलावा सरकार चार रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देती है। ऊधमसिंह नगर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र रावत ने बहुगुणा के क्षेत्र में किये विकास कार्यों, पशुपालन, गन्ना, मत्स्यपालन के क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए निर्णयों को क्रांतिकारी बताया। कैबिनेट मंत्री की पत्नी सुमेधा बहुगुणा ने क्षेत्र में महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं व स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं के लिए तमाम योजनाओं का जिक्र किया। कहा मातृशक्ति को आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से मजबूत करना उनका लक्ष्य रहा है।संचालन दुग्ध संघ के महाप्रबंधक राजेश मेहता ने किया। यहां कोतवाल सुंदरम शर्मा व अधिवक्ताओं ने महिला अधिकारों व कानूनों पर विस्तार से जानकारी देते हुए नशे को रोकने के लिए मातृशक्ति से सहयोग की अपील की।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल : मनोज तिवारी

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर सरकार के दावों की हवा निकालते हुए कहा कि धामी सरकार के चार साल बेमिसाल नहीं बल्कि पूरी तरह से बेहाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के आयोजनों में केवल भाजपा के पदाधिकारी और जिला स्तर के अधिकारी ही शामिल हो रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि जनता इन कार्यक्रमों से दूरी बना चुकी है। मनोज तिवारी ने सरकार पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप भी लगाया।विधायक मनोज तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 9 वर्षों के दौरान भाजपा सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महंगाई और अपराध नियंत्रण जैसे बुनियादी मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो सरकार झूठे आंकड़े पेश कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। विधायक ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस जनता के अधिकारों के लिए सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ाई लड़ रही है और जनहित के मुद्दों पर यह संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



# भाजपा महिला मोर्चा ने किया शक्ति पूजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट के निर्देशानुसार गदरपुर मंडल महिला मोर्चा द्वारा शक्ति पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सिनेमा रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण में 101 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया, जिसके पश्चात मनमोहक भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और भाजपा महिला मोर्चा की कुमाऊं संयोजक अंजू भुड्डी ने रामनवमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का रूप माना गया है। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन वास्तव में शक्ति की आराधना है, क्योंकि मां का दूसरा स्वरूप शक्ति ही है। अंजू भुड्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा रहा है।विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंची जिला पंचायत सदस्य रेखा कंबोज ने भी बालिकाओं का पूजन किया और सफल आयोजन के लिए महिला मोर्चा की टीम को बधाई दी। कार्यक्रम की संयोजक और महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूनम ग्रोवर ने उपस्थित सभी कन्याओं और मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, मनी ठाकुर, शिल्पी गुप्ता, सुधा ठाकुर, सुमन चौहान, मोनिका चौहान, कलावती सैनी, माया देवी, अनीता कश्यप, लता भट्ट, देवी पूनम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विजय अरोड़ा, कविता गुप्ता, संजीव शर्मा, संचित ढींगरा और संतोष गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।




# किच्छा में कल संपन्न होगा 51 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

## अमर ज्योति संस्थान के तत्वाधान में भव्य आयोजन

किच्छा (उद संवाददाता)। कल रविवार को किच्छा के नवीन गल्ला मंडी स्थल पर एक भव्य और पुनीत आयोजन होने जा रहा है। अमर ज्योति संस्थान के तत्वाधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 51 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा। जागृति सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्य संयोजक श्रीकांत राठौर, कमलेंद्र सेमवाल और प्रहलाद खुराना ने रूपरेखा साझा की है। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित संतों और विद्वानों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया जाएगा।आयोजक श्रीकांत राठौर ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व में प्रस्तावित था, जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली गई थी। कुछ अपरिहार्य कारणों से तिथि में परिवर्तन के बाद अब सर्वसम्मति से 29 मार्च, रविवार को विवाह संपन्न कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह में क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक और प्रबुद्ध वर्ग का विशेष सहयोग मिल रहा है। सभी सहयोगियों और दानदाताओं को कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित भी किया जाएगा। जागृति सेवा संस्थान और स्थानीय दानदाताओं के माध्यम से सभी 51 जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान और उपहार भेंट किए जाएंगे। कार्यक्रम के विवरण के अनुसार, रविवार सुबह 9 बजे सभी 51 दूल्हे रेलवे स्टेशन के सामने 51 बग्गियों में सज-धज कर सवार होंगे। यहां से भव्य बारात नवीन मंडी स्थित वैवाहिक स्थल पहुंचेगी, जहां कन्याएं और उनके परिवार पहले से ही मौजूद रहेंगे। आयोजन स्थल पर सभी मेहमानों और बारातियों के लिए जलपान व भोजन की उचित व्यवस्था अमर ज्योति संस्थान द्वारा की गई है। श्रीकांत राठौर ने अपील की कि यह एक अत्यंत पुण्य का कार्य है, जिसमें कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से अपना सहयोग प्रदान कर सकता है। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंडल समिति अध्यक्ष कर्मेंद्र सेमवाल और प्रहलाद खुराना सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**होटल में अवैध....**मौके से कई लोगों को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि कैसिनो में माहौल बनाने के लिए बाहर से युवतियों को भी बुलाया गया था, जिन्हें पुलिस ने अपनी जांच के दायरे में लिया है। ऋषिकेश कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र भट्ट ने बताया कि होटल नवरंग में छापा मारकर अवैध कैसिनो की गतिविधियों को पकड़ा गया है। मौके से भारी मात्रा में नकदी, कैसिनो चिप्स और अन्य सामग्री बरामद की गई है। पकड़े गए लोगों में कई रसूखदार और बाहरी क्षेत्रों के लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं, इस मामले में सबसे बड़ी गाज आईडीपीएल चौकी पर गिरी है। एसएसपी ने माना कि इतने बड़े स्तर पर अवैध गतिविधि क्षेत्र में चल रही थी और स्थानीय चौकी को इसकी भनक तक नहीं थी, जो घोर लापरवाही और मिलीभगत की ओर इशारा करती है। इसके चलते पूरी चौकी को सस्पेंड कर दिया गया है। एसएसपी की इस सख्त कार्रवाई से अपराध जगत के साथ-साथ पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है।

**ठकुराल की नई पारी...**उन्होंने मेयर पद के लिए ताल ठोकी थी, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के व्यक्तिगत आग्रह पर उन्होंने कदम पीछे खींच लिए थे। उस समय माना जा रहा था कि उनकी भाजपा में वापसी तय है, लेकिन पार्टी के भीतर सक्रिय विरोधी गुट उनकी एंट्री रोकने में सफल रहा। दूसरी ओर, कांग्रेस की राह भी ठुकराल के लिए आसान नहीं थी। उनके कुछ कथित पुराने ऑडियो वायरल होने के कारण पार्टी आलाकमान असमंजस में था। विशेष रूप से 2022 में कांग्रेस प्रत्याशी रहीं मीना शर्मा ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। मीना शर्मा अभी भी ठुकराल की जॉइनिंग के सख्त खिलाफ हैं और उन्होंने संकेत दिए हैं कि यदि ठुकराल पार्टी में आए तो वह भाजपा का दामन थाम सकती हैं। स्थानीय स्तर पर भी कुछ अन्य कांग्रेस नेता ठुकराल के आने से सहज महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में ठुकराल के सामने सबसे बड़ी चुनौती पार्टी के भीतर के इस असंतोष को शांत करना और पुराने कार्यकर्ताओं के साथ सामंजस्य बिठाना होगा। सियासी जानकारों का मानना है कि यदि कांग्रेस आलाकमान नाराज नेताओं को मनाने में सफल रहता है, तो ठुकराल भाजपा के लिए बड़ी मुसीबत बन सकते हैं। जमीन से जुड़े नेता के रूप में पहचाने जाने वाले ठुकराल पिछले चार वर्षों से बिना किसी पद या पार्टी के होने के बावजूद जनता के मुद्दों पर लगातार मुखर रहे हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में उनकी पकड़ काफी गहरी मानी जाती है। अब जबकि उनका 2027 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है, रूद्रपुर का आगामी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। फिलहाल, ठुकराल की इस 'सियासी पारी' ने जिले की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है।

**पूर्व विधायक ठुकराल...**यह कदम नई शुरुआत माना जा रहा है। रुद्रपुर क्षेत्र में उनकी पकड़ को देखते हुए कांग्रेस को इससे मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आखिरकार कांग्रेस का हाथ थामकर अपनी नई राजनीतिक पारी शुरू कर दी है। अब उनकी इस नई पारी का असर आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में देखने को मिलेगा।

**निर्यात के नाम पर ...**कंपनी के डीजीएम एक्सपोर्ट अमित पुरवार से रितेश शुक्ला नामक व्यक्ति ने संपर्क कर खुद को एक्सपोर्टर्स वर्ल्ड एजेंसी का प्रतिनिधि बताया। उसने दावा किया कि उनकी एजेंसी अंतरराष्ट्रीय लीड दिलाती है। कारोबारी को झांसे में लेने के लिए आरोपियों ने अमेरिका की एक कंपनी का फर्जी मांग पत्र (लीड) दिखाया, जिस पर 200 मीट्रिक टन पास्ता की आपूर्ति का ऑर्डर दर्शाया गया था। इस पर विश्वास करते हुए पीड़ित ने 28 अगस्त 2024 को पंजीकरण शुल्क के रूप में 41,300 रुपये का भुगतान कर दिया। इसके बाद ठगी का सिलसिला आगे बढ़ा और आरोपियों ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर व्यापारिक चर्चा शुरू की। उन्होंने पैनांगो इम्पेक्स नामक विदेशी कंपनी के साथ जाली अनुबंध और खरीद आदेश भी तैयार करवा दिए। भुगतान की प्रक्रिया के नाम पर अभियुक्त अभिषेक सिंह ने प्रार्थी से वर्ल्ड ट्रेड एश्योरेंस सर्टिफिकेट बनाने के लिए 1,85,000 रुपये अतिरिक्त जमा करवा लिए। कुल मिलाकर प्रार्थी कंपनी से 2,07,800 रुपये एरा स्काई टेक्नोलॉजीज के बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए गए। ठगी का खुलासा तब हुआ जब भुगतान न मिलने पर प्रार्थी ने आरोपियों के कानपुर स्थित कार्यालय का रुख किया। वहां पता चला कि मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह पहले ही धोखाधड़ी के एक अन्य मामले में गिरफ्तार हो चुका है और एजेंसी द्वारा दिए गए सभी दस्तावेज पूरी तरह फर्जी हैं। कानपुर कार्यालय जाने पर वहां मौजूद कर्मचारियों ने प्रार्थी को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही कंपनी के निदेशकों से मिलने दिया। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर प्रार्थी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर अब निहाल सिंह राठौर, नेहा वाजपेई, रितेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, अभिजीत वर्मा और शेखर शेखावत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**फिल्मी स्टाइल में ...** था। कि पति और पत्नी प्राइवेट बस के लिए दोराहा चौक पहुंचे थे। इस बीच मौसम खराब हो गया। बादल छाए और हल्की बूंदाबादी सी हुई। पत्नी ने मौसम खराब होने का बहाना बनाकर शनिवार चलने की बात कही। जिस पर पति राजी हो गया। जिस पर दोनों टैंपों से वापस बाजपुर शहर में आ गए। हल्द्वानी स्टेट हाईवे लेवड़ा नदी पुल के पास पति, पत्नी सड़क किनारे खड़े हो गए। महिला ने पति से मोबाइन मांगकर अपनी बहन से फोन करने की बात कही। कुछ ही देर में बाइक सवार एक युवक आया। महिला अपने प्रेमी की बाइक पर बैठकर फरार हो गई। युवक कुछ देर तक देखता ही रहा। बताते है कि युवक ने अपनी ससुराल में घटना की जानकारी दी और पुलिस को भी मौखिक शिकायत की है। इस घटना की नगर क्षेत्र में खूब चर्चा है।

**36 लाख की स्मैक...** ने पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 2000 रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। गौरतलब है कि इस वर्ष के शुरुआती तीन महीनों में नैनीताल पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कमर तोड़ कार्यवाही की है। अब तक कुल 14 मामलों में 18 तस्करों को जेल भेजा जा चुका है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अब तक 901.242 ग्राम स्मैक बरामद कर चुकी है, जिसकी कुल कीमत 2 करोड़ 66 लाख 30 हजार रुपये है। एसएसपी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनपद में नशे का काला कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा और तस्करों की अवैध संपत्तियों के जब्तीकरण की कार्यवाही भी लगातार जारी रहेगी।

**अवैध वसूली के ...**रम्पुरा, थाना रूद्रपुर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी की थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई। अंततः न्याय की गुहार लेकर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रूद्रपुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**साझेदारों पर ..**अलावा विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिया। उनके विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें धमकी दी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

**कंटेनर की टक्कर से ...**सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना में किशन पाल गंभीर रूप से घायल होकर वहीं पर ही बेसुध हो गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किशन पाल को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक की पत्नी, एक पुत्री व एक पुत्र है।

# ट्रांजिट कैंप से महिला सहित दो किशोरियां लापता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप अंतर्गत शास्त्री नगर क्षेत्र से एक महिला अपनी दो भतीजियों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर तीनों की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शास्त्री नगर निवासी मुकेश पुत्र खुशी राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 5 फरवरी 2026 की रात लगभग 11:30 बजे उसकी पत्नी प्रीति (23 वर्ष) घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसके साथ मुकेश की दो भतीजियां चंदा (15 वर्ष) और सोनम (14 वर्ष) भी गई हैं। मुकेश के अनुसार, उसने अपनी पत्नी और भतीजियों की तलाश सभी संभावित स्थानों और अपनी तमाम रिश्तेदारियों में की, लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चल सका। लापता पत्नी का मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ आ रहा है जिससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। पुलिस ने हुलिये के आधार पर आसपास के थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी तलाश तेज कर दी है। ट्रांजिट कैंप पुलिस का कहना है कि मोबाइल सर्विलांस और अन्य माध्यमों से लापता महिला व किशोरियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सूचना

मेरा एक भवन सं0-सी0-15, खाता सं0-00122 के खसरा न0-185/2 मिन., रकबा पैमाईशी-09.15X13.70 मीटर यानि 125.36 वर्गमीटर वाक्या ग्राम भूरारानी,रूद्रपुर, तहसील रूद्रपुर, जिला ऊ. सिं.नगर, उत्तराखण्ड में है, उक्त प्रा० भवन सं0-सी-15 से संबंधित पुरानी रजिस्ट्री जो कि श्री सुमित घई पुत्र श्री श्याम सुन्दर घई निवासी- ए.जी.एम.-68, गल्ला मंण्डी रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, श्री अंशुल नारंग पुत्र श्री अरविन्द नारंग निवासी-पी.-172 आवास विकास, वार्ड न.-19, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, व प्रियांशु भाटिया पुत्र श्री महेश चंद्र भाटिया निवासी-पी.-366, वार्ड न.-19, आवास विकास, रूद्रपुर, तहसील रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर वालों ने दिनॉक-15.05.2023 को बजरिये रजिस्ट्री बैनामा श्रीमती कमलेश रानी खेड़ा पत्नी श्री केसर दास खेड़ा निवासी-मॉडल कालोनी, रूद्रपुर, तह० रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड वालों से क्रय किया था, जिसकी मूल रजिस्ट्री स. 4766, जिल्द स 3451 के पृष्ठ संख्या 45 से 68 पर दिनांक 15 मई 2023 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय रुद्रपुर में पंजीकृत है ,कहीं खो गई है और जिसका किसी भी प्रकार का कोई दुरुपयोग नहीं किया गया है,भविष्य में किसी भी प्रकार के वित्तीय या कानूनी वाद विवाद के लिए ये सार्वजनिक सूचना को अंतिम जाना जाए उसके पश्चात किसी भी प्रकार से मैं उत्तरदाई नहीं रहूंगा।

रजत रहेजा पुत्र श्री हरभगवान रहेजा
निवासी ग्राम पक्की खमरिया, पोस्ट लालपुर,
तहसील किच्छा, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




दिल्ली में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेन्द्र सिंह लाडी के पुत्री के विवाह समारोह में जुटे वरिष्ठ नेताओं के साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल।

# पुलिस मुठभेड़ में स्मैक तस्कर शाकिर उर्फ नक्टा गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नशामुक्त और अपराधमुक्त देवभूमि के संकल्प को साकार करने की दिशा में एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली गदरपुर पुलिस और शातिर अपराधी के बीच हुई मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त शाकिर अली उर्फ नक्टा को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया जिसकी जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।घटनाक्रम के अनुसार बीती 24 जनवरी 2026 को एएनटीएफ कुमाऊं यूनिट रुद्रपुर द्वारा चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार नाबालिग को रोका गया था। तलाशी लेने पर स्कूटी की डिग्गी से स्मैक बरामद हुई



थी। पूछताछ में नाबालिग ने खुलासा किया था कि यह स्मैक उसके पिता शाकिर अली उर्फ नक्टा और मां शाईन द्वारा किसी व्यक्ति को देने के लिए भेजी गई थी। इस मामले में कोतवाली गदरपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें शाकिर अली वांछित चल रहा था। 27 मार्च 2026 को पुलिस टीम द्वारा ग्राम कलकत्ती खानपुर तिराहा के पास चेकिंग की जा रही थी तभी अभियुक्त शाकिर ने पुलिस को देखकर फायर झोंक दिया और फरार होने लगा।पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर कनकट्टा चौराहा से आगे कुईखेड़ी मार्ग स्थित श्मशान घाट के पास पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रुद्रपुर भेजा गया। पुलिस ने मौके से एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एएक्स 8981 बरामद की है। पकड़ा गया अभियुक्त शाकिर अली उर्फ नक्टा करतारपुर गदरपुर का निवासी है और उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर लूट, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 10 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशा तस्करों और आपराधिक तत्वों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा और अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# रुद्र श्रीवास्तव ने 'किसमें कितना है दम' में हासिल किया पहला स्थान

रुद्रपुर। नगर के भंजुराम अमर इंटर कॉलेज के कक्षा 8वीं के छात्र रुद्र श्रीवास्तव ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो 'किसमें कितना है दम' के ग्रैंड फिनाले में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह शो पीटीसी पंजाबी चैनल पर प्रसारित होता है, जिसका आयोजन पंजाब स्थित रायत बाहरा यूनिवर्सिटी में किया गया था। देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में रुद्र ने कला वर्ग में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के दम पर निर्णायकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर जजों ने उन्हें विजेता घोषित किया और ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।रुद्र की इस



उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता संजीव श्रीवास्तव और माता दीपा श्रीवास्तव ने बताया कि रुद्र बचपन से ही कला के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और स्कूल व अन्य आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैंस्थानीय लोगों और विद्यालय परिवार ने भी रुद्र की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नालंदा स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरित, मेधावियों को मिले पदक

## विशेष योग्यता वाले छात्र पा सकेंगे निःशुल्क शिक्षा, यूपीएससी रैंक होल्डर संभावित तिवारी ने साझा किए सफलता के मंत्र

किच्छा (उद संवाददाता)। रुद्रपुर रोड स्थित नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य राजनीतिक, सामाजिक और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान न केवल छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम सौंपे गए, बल्कि शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक व पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. मृदुला किशोर, राहुल किशोर और प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात आए हुए सभी




अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस मौके पर डॉ. मृदुला किशोर ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि स्कूल में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसी खेल सुविधाओं के साथ-साथ वर्तमान वैज्ञानिक युग की चुनौतियों को देखते हुए बच्चों को तकनीकी ज्ञान और एआई की शिक्षा देने के विशेष प्रबंध किए गए हैं।डायरेक्टर डॉ. राहुल किशोर ने क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा विशेष योग्यता रखने वाले बच्चों के लिए एक टेस्ट आयोजित किया जाता है, जिसे पास करने वाले मेधावी छात्र निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों में ट्यूशन फीस में भी भारी छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश कुमार दुबे ने शिक्षा के प्रति जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालय का लक्ष्य ऐसे योग्य छात्र तैयार करना है जो राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 46वीं रैंक प्राप्त करने वाली संभावित तिवारी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि बिना कड़े परिश्रम और एकाग्रता के सफलता हासिल करना संभव नहीं है। उन्होंने बच्चों को हर प्रतियोगिता के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने और मन लगाकर अध्ययन करने की सीख दी। इस अवसर पर डॉ. बृज किशोर, सीता किशोर, वरिष्ठ भाजपा नेता लवी सहगल, सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश कुमार दुबे, सुनील कुमार, रवि रावत, आरएस बिष्ट, उप प्रधानाचार्य प्रेरंजन तिवारी और विंध्यवासिनी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व मातृशक्ति उपस्थित थी।

# प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में प्रसाद सेवा का हुआ शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के महाराजा अग्रसेन चौक पर आयोजित प्रसाद सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ किया गया। इस सेवा कार्य का भाजपा नेता प्रमोद मित्तल की अगुवाई में विधिवत शुभारंभ हुआ। शिव नाटक क्लब एवं श्री प्रेम आश्रम के महामंत्री राजकुमार भुसरी, सुधीर अरोरा, महेंद्र पारिख, सौरभ भुसरी तथा भाजपा युवा मोर्चा पंतनगर मंडल के अध्यक्ष अलकेश सिंह द्वारा विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर सौरभ भुसरी ने अपना जन्मदिन सेवा कार्य के रूप में मनाते हुए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। राजकुमार भुसरी ने कहा कि भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में निरंतर चल रही यह "नर सेवा" सराहनीय एवं



अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्यों से जरूरतमंद लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है तथा समाज में सेवा, समर्पण और सद्भाव की भावना को बल मिलता है। "भूखे को अन्न खिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है" और ऐसे सेवा कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए। एडवोकेट प्रमोद मित्तल एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का अभिनंदन किया तथा सौरभ भुसरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुशल अग्रवाल, अशोक सिंह नेगी, अनुज अग्रवाल, जितेंद्र साहनी, अलकेश सिंह, प्रमोद यादव, नितिन अग्रवाल, निखिल चंडोक, मनीष मित्तल, मोहित अग्रवाल, अतुल कश्यप, रवि अग्रवाल, उदय वार्ष्णेय, अमित जैन, करन चंडोक, श्रीओम अग्रवाल, रोहित कश्यप, मनीष सैनी, सोनू कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भूसे में छिपाकर रखे सिलेंडर जब्त किये

गदरपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर गदरपुर क्षेत्र के खेमपुर में अवैध रूप से गैस सिलेंडर छिपाकर ब्लैक करने की शिकायत पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। तहसीलदार द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ।निरीक्षण के दौरान भूसे के ढेर में छिपाकर रखे गए गैस सिलेंडर बरामद किए गए। जांच में कुल 6सिलेंडर पाए गए, जिनमें से 3 सिलेंडरों की वैध पासबुक मौके पर प्रस्तुत की गई। 6 सिलेंडरों में से 3 को छोड़ते हुए 3 संदिग्ध सिलेंडरों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।तहसीलदार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक ही परिवार में तीन पासबुक होने की स्थिति की जांच के निर्देश पूर्ति निरीक्षक को दिए



हैं। साथ ही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी इस दौरान पटवारी सुरजीत सिंह भी मौजूद रहे।

# विधायक ने प्राथमिक स्कूल में किया पुस्तकों का वितरण

गदरपुर । क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। शुक्रवार को विधायक अरविंद पांडे राजकीय प्राथमिक विद्यालय गदरपुर प्रथम पहुंचे। उन्होंने प्रधानाचार्य राकेश चौहान की मौजूदगी में विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 2 के 39 बच्चों को एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया,विधायक ने कहा कि एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें कम खर्चीली और ज्ञानवर्धक होती हैं। पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के प्रयास की सराहना की। इस मौके पर सभासद मुकेश चावला,जितेंद्र सिंह,मतलूब हसन,अमरजीत बजाज,संगीता,विनीता यादव, पूनम जोशी,निशा चौहान एवं रितिका आदि थे।

